an>

Title : Need to construct coastal road in Navi Mumbai to avoid traffic congestion.

श्री राजन विचारे (ठाणे) : अध्यक्ष महोदया, मेरे लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाला नवी मुंबई एक ऐसा शहर है, जो कई शहरों और जिलों को जोड़ता है। ...(व्यवधान) इसके कारण वहां अक्सर ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है। ...(व्यवधान) साथ ही साथ यहां पर ठाणे, कल्याण, अम्बरनाथ और बदलापुर सहित आस-पास के अन्य शहरों का विकास भी तेजी से हो रहा है।...(व्यवधान) नवी मुंबई के विभिन्न स्थानों पर प्रतिदिन तीस से पैंतीस हजार लोग नौकरी एवं व्यवसाय के लिए आना-जाना करते हैं। ऐसी सड़कें वाहनों के लिए छोटी पड़ रही हैं। ...(व्यवधान) साथ ही यहां पर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भी बनने जा रहा है। ...(व्यवधान) इस हवाई अड्डे के तैयार होने के बाद यहां पर वाहनों की संख्या में और भी वृद्धि हो जाएगी।...(व्यवधान) इसलिए शहर के बढ़ते यातायात जाम की समस्या को दूर करने के लिए अभी से ही कोस्टल रोड का निर्माण करना आवश्यक है।

नवी मुंबई महानगर पालिका ने बेलापुर से वाशी का करीब 10.5 किलोमीटर लम्बाई का एवं वाशी से ठाणे 16.5 किलोमीटर लम्बाई वाला 8 लेन का खाड़ी के किनारे दो चरणों में मार्ग विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया है,...(व्यवधान) जिसे मई 2014 को कोस्टल जोन मेनैजमेंट के समक्ष प्रस्तुत भी किया गया है एवं इसके लिए करीब 5038 करोड़ रु. की निधि आवश्यक है।...(व्यवधान) इतनी बड़ी रकम नवी मुंबई महानगर पालिका खर्च नहीं कर सकती। इसलिए इस संदर्भ में एम.एम.आर.डी.ए. परियोजना के लिए पूरी निधि देने में असमर्थ है।...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री जी से यह अनुरोध करता हूं कि केन्द्र सरकार एम.एम.आर.डी.ए. एवं सड़कों के सहयोग से इस जरूरी परियोजना को पूरा करने में मदद करे। धन्यवाद।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे,

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री सुभाÂष पटेल और

श्री अरविंद सावंत को श्री राजन विचारे द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

माननीय अध्यक्ष : श्री रमेश बिधूड़ी - अनुपस्थित।